(4) – चौथा दिन –
सात दिवसीय शिविर

21.12.19

असमिया बिहू व राजस्थानी नृत्य ने वाहवाही लूटी

भास्कर संवाददाता | बालोतरा

डीआरजे राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर में चौथे दिन शनिवार को छात्राओं ने महाविद्यालय में श्रमदान कर कंटीली झाड़ियों काटी व परिसर साफ किया। बौद्धिक सत्र के अंतर्गत स्वच्छता व स्वास्थ्य विषय पर जाह्नवी अस्पताल की निदेशिका सुमित्रा खत्री द्वारा स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस आयु में छात्राओं को अपने शरीर को पूर्ण स्वच्छ रख कर अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। उम्र के इस पड़ाव में जो बदलाव होते हैं उनका किस प्रकार ध्यान रखा जाए।

पौष्टिक भोजन, प्रतिदिन व्यायाम व समय पर सोने व खान-पान से अपने आप को स्वस्थ्य रखना आवश्यक है। लॉयंस क्लब की राजकुमारी खत्री व चित्रा व्यास ने भी विचार प्रस्तुत किए। इसी कड़ी में महाविद्यालय में राजस्थान व असमिया की संस्कृति के मेल झोल को बढ़ाने के लिए नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें असमिया बिहू नृत्य व राजस्थानी नृत्य कर छात्राओं ने वाही-वाही लूटी।

डीआरजे कॉलेज में नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन

मरुलहर न्यूज

बालोतरा। डीआरजे राजकीय कन्या महाविद्यालय बालोतरा में राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिन छात्राओं ने महाविद्यालय में श्रमदान कर कंटीली झाड़ियाँ काटी व परिसर साफ किया। बौद्धिक सत्र के अन्तर्गत स्व छता व स्वास्थ्य विषय पर जाह्नवी अस्पताल की निदेशिक सुमित्रा खत्री द्वारा स्वयंसेविकाओं को संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि इस आयु में छात्राओं को अपने शरीर को पूर्ण स्व छ रख कर अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। उम्र के इस पड़ाव में जो बदलाव होते है उसका किस प्रकार ध्यान रखा जाये। पौष्टिक भोजन, प्रतिदिन व्यायाम व समय पर सोने व खान पान से अपने आप को स्वस्थ्य रखना आवश्यक है। लायन्स क्लब की राजकुमारी खत्री व चित्रा व्यास ने भी विचार प्रस्तुत किये। इसी कड़ी में महाविद्यालय में राजस्थान व असमिया की संस्कृति के मेल झोल को बढ़ाने हेतु नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें असमिया बिहु नृत्य व राजस्थानी नृत्य कर छात्राओं ने वाही-वाही लूटी। और छात्राओं ने उत्साह पूर्वक सहभागिता दी

(शेष पृष्ठ 3 पर...)

स्वयंसेविका छात्राओं ने किया श्रमदान

बालोतरा . डीआरजे राजकीय कन्या महाविद्यालय बालोतरा में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर में चौथे दिन छात्राओं ने महाविद्यालय में श्रमदान कर कंटीली झाड़ियां काट परिसर की सफाई की। बौद्धिक सत्र में सुमित्रा खत्री ने कहा कि छात्राएं अपने शरीर को पूर्ण स्वच्छ रखें। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पौष्टिक भोजन लेने के साथ प्रतिदिन व्यायाम करें। लायन्स क्लब की राजकुमारी खत्री व चित्रा व्यास ने भी विचार प्रस्तुत किए। आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रियंका व पूजा पालीवाल ग्रुप ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया।